प्रादेशिक समाचार
17.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने की अपील–खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड के आर्थिक विकास के लिए आएं आगे चार्टर एकाउंटेंट्स, कहा– इन पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की है अहम जिम्मेदारी।

**2.** राज्य में लोकसभा की चौदह सीटों पर चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू की तैयारियां, राजनीतिक कार्यक्रमों के चित्रों को राज्य सरकार के विभागों की वेबसाइट से तुरंत हटाने के निर्देश।

**3.** राज्य में हुई जेपीएससी परीक्षा के दौरान चतरा, धनबाद और जामताड़ा जिले में कथित प्रश्न पत्र लीक को लेकर अभ्यर्थियों का हंगामा, जिला प्रशासन ने अफवाह बताते हुए किया खंडन, विपक्ष ने की जांच और कार्रवाई की मांग।

**4.** अब से कुछ देर में खेला जाएगा महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और डेल्ही कैपिटल्स के बीच नई दिल्ली में होगा मुकाबला।

******************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएमएआई के अधीन पांच लाख विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिनपर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण प्रदेश है जिसके आर्थिक विकास के लिए चार्टर एकाउंटेंट्स को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। राज्यपाल आज रांची के गोस्सनर कॉलेज में रांची चैप्टर ऑफ़ कॉस्ट अकाउंटेंट की ओर से आयोजित वार्षिक सामारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही है, जिसका लक्ष्य विकसित भारत 2047 हासिल करना है।

******************

लोकसभा चुनाव सात चरणों में कराये जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। राज्य में लोकसभा की चौदह सीटों पर चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य में चार चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के तहत १३ मई को पलामू, सिंह भूम, खूंटी और लोहरदगा में वोटिंग होगी। वहीँ, दूसरे चरण के तहत २० मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में मतदान होना है। तीसरे चरण के तहत २५ मई को गिरिडीह, धनबाद, जमशेदपुर, रांची और चौथे चरण के तहत पहली जून को दुमका, गोड्डा और राजमहल में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

******************

निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कैबिनेट सचिव, राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को चुनाव घोषणा के 24 घंटे के भीतर हटा लिया जाए। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के चित्र राज्य सरकार के विभागों की वेबसाइट से तुरंत हटाएंगे।

******************

निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल देवी को राष्ट्रीय दिव्यांग आईकन घोषित किया है। कल दिल्ली में आयोजित भारतीय बधिर क्रिकेट संघ की टीम के साथ आयोजित एक नुमाइशी मैच के बाद इसकी घोषणा की गई।

******************

जामताड़ा जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान 49 मतदान केंद्र पूर्णतः महिलाओं के द्वारा संचालित किए जाएंगे।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज खूंटी लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान हुई बैठक में विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की गयी। इससे पहले श्री मुंडा ने वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा से शिष्टाचार मुलाकात की।

******************

रांची स्थित आड्रे हाउस में आज बेहतर झारखंड के रांची चैप्टर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी और रांची के सांसद संजय सेठ ने झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम के आदिवासी कारीगरों को सम्मानित किया।

******************

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से जेपीएससी की आज हुई परीक्षा के कथित प्रश्न पत्र लीक मामले की त्वरित जांच कराने और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और सांसद संजय सेठ ने भी परीक्षा में कथित अनियमितता और प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच CBI और ED से कराने की मांग की है। वहीं, चतरा धनबाद और जामताड़ा जिले में जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा की पीटी परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों ने आज हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि चतरा के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज स्थित केंद्र में परीक्षा से पूर्व क्लास के बजाय प्रिंसिपल के चेंबर में ही प्रश्न पत्र को खोल दिया गया था। वहीं, जिले के अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार ने बताया कि परीक्षा के आयोजन में सभी दिशा–निर्देशों का पालन किया गया है। उन्होंने लोगों से पेपर लीक की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। इधर, धनबाद में भी एक ओर अभ्यर्थियों के एक समूह ने जहां दिल्ली पब्लिक स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर कुछ विशेष छात्रों को परीक्षा में लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया, वहीं पुटकी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगा कर आधे घंटे तक हंगामा किया।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो ट्वीट कर दावा किया है कि जामताड़ा जिले में JPSC परीक्षा केंद्र के बाहर खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरवाई जा रही है। इधर, परीक्षा से संबंधित वायरल वीडियो की जाँच के लिए उपायुक्त कुमुद सहाय ने उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में विशेष जांच दल, एसआईटी का गठन करते हुए अविलम्ब जाँच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं।

वहीं, जेपीएससी के कथित प्रश्न पत्र लीक मामले के विरोध में बीजेपी युवा मोर्चा के सदस्यों ने रांची के हरमू चौक के समीप राज्य सरकार का पुतला दहन किया।

******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 31 मई के बीच आयोजित करायेगी। इस दौरान आम चुनाव के लिए मतदान की तिथि 20 मई और 25 मई भी है।

******************

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज देश के 23 राज्यों में आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा आयोजित की गयी। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि सभी 23 राज्यों के प्रत्येक जिले में आयोजित हुई इस परीक्षा में करीब 37 लाख शिक्षार्थी शामिल हुए। यह परीक्षा तीन विषयों के लिए होती है, जिसमें पाठन, लेखन और संख्या–ज्ञान शामिल हैं।

******************

सरायकेला खरसावां जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में उत्कलीय ब्राह्मण समाज ने सामूहिक व्रत उपनयन संस्कार का आयोजन किया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 ब्रह्मकुमारों का व्रत उपनयन संस्कार किया गया। इधर, जमशेदपुर के कदमा ब्रह्मऋषि भवन में आज भूमिहार महिला समाज ने होली मिलन का आयोजन किया। वहीं, रांची के किशोरगंज स्थित झारखंड प्रगतिशील मजदूर यूनियन कार्यालय में भी आज पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

******************

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल आज रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और डेल्ही कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

******************

भारत के गुलवीर सिंह ने कैलिफॉर्निया में, पुरुषों की दस हज़ार मीटर दौड़ का रजत पदक जीत लिया है। उन्होंने यह दौड़ 27 मिनट और 41 दशमलव आठ–एक सेकेंड में पूरी की। गुलवीर ने 20 सेकेंड कम लेते हुए 16 वर्ष पुराना राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ दिया। हालांकि, 41 सेकेंड अधिक लेने के कारण वे पेरिस ओलिंपिक में जगह बनाने से चूक गए।

******************

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट मैच में आज क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रांची ने चतरा को 137 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रांची की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले तनवीर अंसारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

******समाप्त******